दैनिक जागरण 25-12-2017

रिसर्च को लेकर करार

kanpur@inext.co.in

KANPUR (24 Dec): एनएसआई व लखनऊ इंटीग्रल यूनीवर्सिटी ने डिफरेंट सब्जेक्ट्स पर रिसर्च के लिए आपस में करार किया है. एनएसआई डायरेक्टर प्रो. नरेंद्र मोहन व इंटीग्रल यूनीवर्सिटी के वीसी डॉ. जमाल आरिफ ने समझौता पत्र पर साइन किए. दोनों संस्थान कृषि रसायन, जीव रसायन जैसे विषयों पर छात्रों के शोध कार्य के लिए एक-दूसरे को अपनी-अपनी प्रयोगशालाएं उपलब्ध कराएंगे. अधिकारियों ने कहा कि इस करार से रिसर्च वर्क्स को गति मिलेगी.

दो विश्वविद्यालय के छात्र करेंगे शोध

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) और इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ के छात्र कृषि रसायन, जीव रसायन समेत अन्य विषयों पर मिलकर शोध करेंगे। छात्र जरूरत के अनुसार एक दूसरे संस्थान की लैब का प्रयोग करेंगे तो विशेषज्ञ से सलाह भी ले सकेंगे। इसको लेकर दोनों संस्थानों में एमओयू हो गया है।

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि लखनऊ स्थित इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के उप कुलपति डॉ. जमाल आरिफ के साथ एमओयू हो गया है। इसका सीधा फायदा छात्रों को मिलेगा। अब पीएचडी करने वाले छात्रों के लिए आधारभूत सुविधाएं, अनुसंधान की सुविधाएं, विशेषज्ञों की उपस्थिति दोगुनी हो जाएगी। इस मौके पर सीएसए विवि के कुलपति डॉ. सुशील सोलोमन, प्रो. एसडब्ल्यू अख्तर आदि मौजूद रहे।

शर्करा संस्थान और इंट्रीगल विवि करेंगे कृषि-जैव रसायनों पर शोध

कानपुर। कानपुर स्थित राष्ट्रीय शर्करा संस्थान व लखनऊ स्थित इंट्रीगल विवि कृषि रसायन, जीव रसायन व अन्य विषयों पर मिलकर शोध कार्य करेंगे।

दोनों संस्थान अपनी प्रयोगशालाओं को छात्रों को अनुसंधान कार्य हेतु उपलब्ध करायेंगे, ताकि वे पीएचडी हेतु आवश्यक कार्य कर सकें। दोनों ही संस्थानों के वरिष्ठ शिक्षक विभिन्न शोधकर्ताओं हेतु गाइड का कार्य करेंगे। एक सहमति पत्र पर दोनों ही संस्थानों ने अनुबंध किया है। इंट्रीगल विवि, लखनऊ में संपन्न कार्यक्रम में सहमति पत्र राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक प्रो.नरेन्द्र मोहन व इंट्रीगल विवि उप कुलपति डॉ.जमाल आरिफ ने हस्ताक्षर किये। शर्करा संस्थान के निदेशक प्रो.नरेन्द्र मोहन ने कहा है कि दो संस्थानों के जुड़ने से अनुसंधान कार्यों को विशेष गति मिलती है। इंट्रीगल विवि के कुलपति प्रो.वसीम अख्तर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से छात्रों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है।

सहमति पत्र पर हस्ताक्षर के बाद दोनों संस्थानों के वरिष्ठ शिक्षक। फोटो : एसएनबी

इंटीग्रल यूनिवर्सिटी से एनएसआई का समझौता

कानपुर (ब्यूरो)। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान और इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ के बीच रविवार को कृषि रसायन, जीव रसायन व अन्य विषयों पर शोध के लिए समझौता हुआ है। समझौते के तहत दोनों संस्थान अपनी प्रयोगशालाओं में एक-दूसरे के छात्रों को शोध करने का अवसर उपलब्ध कराएंगे। इस दौरान एनएसआईटी के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के उपकुलपति डॉ. जमाल आरिफ ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. वसीम अख्तर ने हर्ष व्यक्त किया।